प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.06.2024 समय : 01:00 पी.एम.

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी कल प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। राष्ट्रपति भवन में शाम सवा सात बजे होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू श्री मोदी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगी। शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के कई नेता विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज़्ज़ू, सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीफ और बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगी। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगनौथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी समारोह में शामिल होंगे। मंत्रालय ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के अलावा ये सभी नेता कल शाम राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा आयोजित भोज में शामिल होंगे।

000

कांग्रेस वर्किंग कमेटी की आज नई दिल्ली में बैठक हो रही है। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद हैं। बैठक में हाल के लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा की जा रही है। शाम को सभी नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों और राज्यसभा सांसदों वाले कांग्रेस संसदीय दल की बैठक भी होगी।

000

पद्म विभूषण से सम्मानित रामोजी राव का आज सुबह हैदराबाद में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। श्री राव पिछले कुछ समय से गंभीर बीमारियों से जूझ रहे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रामोजी राव के निधन पर शोक व्यक्त किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में, उन्होंने कहा कि देश ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र का एक दिग्गज खो दिया है। नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्होंने श्रद्धांजलि देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में, कहा कि श्री राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत पर अमिट छाप छोड़ी है। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र के प्रमुख तथा रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव के निधन पर गहरा दुःख जताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने श्री रामोजी राव के निधन को पत्रकारिता और फिल्म जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

000

बालोतरा जिले में पादरू के पास अमृतसर–जामनगर एक्सप्रेस वे पर आज सुबह सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। दुर्घटना में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार ट्रेलर के अपने आगे चल रहे ट्रक से टकरा जाने से ये हादसा हुआ। वहीं दौसा जिले में सोमाड़ा गांव के पास दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस हाईवे पर कार के पलट जाने से पांच लोग घायल हो गये, जिन्हें इलाज के लिए दौसा के जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। ये सभी लोग गुजरात के पालनपुर के रहने वाले थे।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम में आए बदलाव से पिछले 24 घंटों में कई स्थानों पर आंधी चली और बारिश हुई। इसके असर से तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। सबसे ज्यादा 23 मिलीमीटर बारिश आसींद और डूंगला में दर्ज की गयी। पिलानी में 20, झुंझुनूं और शाहपुरा में 17, राजधानी जयपुर और प्रतापगढ में 14–14, पोकरण और जैसलमेर तथा ओसियां में 13–13 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार प्रदेश के ज्यादातर जिलों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर बना हुआ है। सबसे ज्यादा 44 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान धौलपुर में दर्ज किया गया। वहीं रात के तापमान में भी कमी आई है। सिरोही में 23 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रहा। विभाग ने आज और कल भरतपुर, जयपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर और जोधपुर संभाग में कहीं–कहीं वर्षा के आसार हैं। इस दौरान पश्चिमी राजस्थान में तेज़ अधड़ के साथ कहीं–कहीं बारिश और ओलावृष्टि की भी संभावना है।

000

आगामी 21 जून को योग दिवस के उपलक्ष में प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर रोजाना कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में जयपुर नगर निगम ग्रेटर की ओर से 10 जून से ग्रेटर क्षेत्र में योग कार्यक्रम होंगे। इसके लिए कल निगम की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम महिला सशक्तीकरण रखी गई है इसके तहत योग कार्यक्रमों में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पाली के देसुरी उपखंड में योग दिवस से महिला सशक्तिकरण के लिए योग थीम के साथ ब्लॉक स्तर पर योगाभ्यास शुरू किया गया है। इसमें ग्रामीण महिलाएं बढ़ चढ कर हिस्सा ले रही हैं।

000